Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Email: fdptr@rediffmail.com, fdptr82@gmail.com

Ph: +917732252135 (O) & **Fax:** +917732252120

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

पन्ना टाईगर रिजर्व की अवैध शिकार रोकथाम रणनीति की एक और सफलता

दिनांक 17.12.2012 को पन्ना टाईगर रिजर्व के उडनदस्ता दल क्रमांक 2 के द्वारा उत्तर पन्ना वन मण्डल के चिटा कुआं के पास तीन सपेरों अजमतअली वल्द जोत अली उम्र 50 वर्ष ग्राम दावतपुर जिला फतेहपुर, बब्लू वल्द रूआब अली उम्र 21 वर्ष सा0 दावतपुर जिला फतेहपुर एवं कौशर अली वल्द अजमत अली उम्र 25 वर्ष को पकडा गया। उनके पास में निम्नानुसार सामग्री जप्त की गई :

क्र.	सामग्री का नाम	संख्या	क्र.	सामग्री का नाम	संख्या
1	जीवित काले सर्प	04	6	सेही के कांटे	07
2	जीवित विच्छू	02	7	खजूर की लकड़ी में लगी सर्प की चमड़ी	04
3	खजूर की लकड़ी में लगा सर्प	04	8	लोहे के छल्ले	10
4	सांभर सींग के टुकड	02	9	सिर की हड्डी	03
5	काले हिरण की सींग	03	10	चाकू, लोहे की नुकीली पत्ती	1–1

उपरोक्त के अतिरिक्त तीनों आरोपियों की एक–एक नग सायकिल भी जप्त की गई है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध पी.ओ.आर. क्रमांक 1671/22 दिनांक 17.12.2012 उत्तर वन मण्डल पन्ना के द्वारा पंजीबद्ध किया जाकर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। प्रकरण में विवेचना जारी है। यह सम्पूर्ण कार्यवाही पन्ना टाईगर रिजर्व के उडनदस्ता दल क्रमांक 2 एवं उत्तर पन्ना वन मण्डल के कर्मचारियों द्वारा की गई है। माननीय न्यायालय के आदेशानुसार चारों सर्प एवं विच्छू को जंगल में छोड़ा गया।

'' जय हिन्द, जय भारत ''

दिनांक – 19.12.2012

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना